दैनिक भास्कर

मेरठ में होली से पहले नकली शराब जब्त:ब्रांडेड बोतलों में भर रहे थे नकली शराब, 4 को किया अरेस्ट

मेरठ में होली से पहले पुलिस ने एक बड़े अवैध शराब रैकेट का भंडाफोड़ किया है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सुभाष नगर में एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह के नेतृत्व में की गई छापेमारी में पुलिस ने चुन्नीलाल के मकान से बड़ी मात्रा में नकली शराब बरामद की है।

पुलिस को हापुड़ एसओजी से मिली सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। छापेमारी में 15 पेटी शराब के साथ विभिन्न ब्रांडेड कंपनियों के स्टिकर और बोतलों के कैप बरामद किए गए। मौके से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

जांच में सामने आया कि आरोपी लंबे समय से इस धंधे में संलिप्त थे। वे नकली शराब को ब्रांडेड कंपनियों की बोतलों में भरकर मेरठ और आसपास के जिलों में सप्लाई कर रहे थे। होली के त्योहार को देखते हुए आरोपी बड़े पैमाने पर नकली शराब की सप्लाई की तैयारी कर रहे थे।

पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है। इस नकली शराब रैकेट में और कौन-कौन शामिल है और इसका नेटवर्क कहां-कहां तक फैला है, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

Source: https://www.bhaskar.com/local/uttar-pradesh/meerut/news/fake-liquor-seized-in-meerut-before-holi-134599958.html